# हमारे कचरे की यात्रा

## (सत्र 1)

aviral

Reducing Plastic Waste in the Ganga

**Powered by:**

ALLIANCE TO END PLASTIC WASTE

**Implemented by:**

giz Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH

**In Coordination with:**

नगर निगम ऋषिकेश

SAAHAS

nothing is waste

WASTE WARRIORS


# आइये एक बार दोहराते है!

## प्लास्टिक कचरा और उसके प्रकार

- प्लास्टिक क्या है?
- प्लास्टिक के प्रकार
- प्लास्टिक का जीवन काल
- हम और हमारे परिवेश पर प्लास्टिक कचरे का प्रभाव
- हम क्या कर सकते है ?

# क्या आप जानते है कि हमारे कचरे की यात्रा क्या है ?





# वर्तमान स्थिति - रेखीय अर्थव्यवस्था

हम अपना कूड़ा मिलाते है

मिश्रित कूडे से पुनर्प्राप्ति नहीं की जा सकती।

यह अंत में सडको, नालियों, अव्यवस्थित कूड़ेदानों, लैंडफिल और गंगा में जाता है।







**इस परिस्थिति में हम केवल 10-20% कूड़े को पुनर्प्राप्त कर सकते है !**



# तो इसमें गलत क्या है?



## प्रकृति के लिए हानिकारक है।

- जमीन के अंदर स्थित पानी, नदियाँ, समुद्र और खुली जगहों पर माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति



## जानवरों के लिए हानिकारक

- जानवर अक्सर कचरे को खाना समझ कर खा लेते हैं।
- उनके आवासों का विनाश



## हम सभी के लिए हानिकारक है।

- नए प्राकृतिक संसाधनों के  एक बड़े हिस्से का उपयोग

# इसका उपाय क्या है ?



# चक्रीय अर्थव्यवस्था (Circular Economy) - आधार

कूड़े और प्रदूषण उत्पादन को कम करने पर विचार करे।



वस्तुओं को विभिन्न प्रकार से प्रयोग करते रहे।



प्राकृतिक संसाधनों/तंत्रों को पुनर्जीवित करें



# हम वस्तुओं को विभिन्न प्रकार से प्रयोग कैसे कर सकते हैं ?



## रियूज़

कपड़े के बैग, स्टील की बोतलें, पुराने कपड़े आदि जैसे कुछ आइटम एक से अधिक बार पुन: उपयोग किया जा सकता है




## रिपेयर

जब भी कोई वस्तु  क्षतिग्रस्त हो जाए, तो उन्हें नए खरीदने से पहले मरम्मत अवश्य कराएं



## शेयर/ स्वैप

अपने दोस्तों के साथ कपड़े शेयर करना या स्वैप करना न केवल आपको पहनने के लिए ज्यादा आइटम देता है बल्कि नए कपड़े खरीदने से उत्पन्न कचरे को भी कम करता है।



## रिसाइकिल

कबाड़ीवाले को समाचार पत्र, बोतलें, गत्ते आदि जैसे अपशिष्ट वस्तुएं देने से इस कचरे से नए उत्पाद बनाने के लिए तथा संसाधनों को पुनर्प्राप्त करने में मदद मिलती है।

# हम प्राकृतिक संसाधनों/ तंत्रों को पुनर्जीवित कैसे करें ?






कंपोस्टिंग न केवल खाद्य अपशिष्ट को कम करता है बल्कि मिट्टी को पोषक तत्व भी प्रदान करता है जो हमारे पौधों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

नवीकरणीय ऊर्जा  के संसाधन जैसे बायोगैस के प्रयोग से जीवाश्म ईंधन का कम से कम निष्कर्षण किया जाता है, जिससे यह कार्बन उत्सर्जन को कम कर देता है

# एक सही अभ्यास -
# अपशिष्ट प्रबंधन में चक्रीय अर्थव्यवस्था




इस प्रक्रिया के अनुसार अलग किए कचरे से आप 90% तक संसाधनों को पुनर्प्राप्त कर सकते है!


आइए एक वीडियो
देखते है !!!

# कौन है जो हमारी इस चक्रीय अर्थव्यवस्था में हमें सहायता करते है ?



**सफाई साथी**

- घर-घर जाकर लोगो से कचरा इक्कठा करते है।
- अपशिष्ट को आगे की प्रक्रिया के लिए भेजते है।



**अनौपचारिक सफाई कर्मी**

- खुले क्षेत्रों से कचरा बीन कर
- कचरा बीनने वालों से या सीधे उपयोगकर्ताओं से कचरा एकत्र करते है और इसे आगे रीसाइक्लिंग के लिए भेजते  है



**कचरा प्रसंस्करण कर्मचारी**

- ऐसे कारखाने जो कचरे के पुनर्चक्रण, खाद बनाने और बायोगैस उत्पन्न करके संसाधन को पुनःप्राप्त करने में मदद करते हैं



**मरम्मत की दुकानें**

- वो दुकाने जो इलेक्ट्रॉनिक्स, जूते, कपडे, बैग आदि को ठीक करती है।

# चक्रीय अर्थव्यवस्था (Circular Economy) के फायदे

- सीमित मात्रा में उपलब्ध संसाधनों का उचित प्रयोग
- ग्रीनहॉउस गैसों को कम करता है तथा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने में सहायक
- मानव स्वास्थ्य तथा पर्यावरण की रक्षा करता है।
- नए रोजगार उत्पन्न कर अर्थव्यवस्था को बढ़ाता है।
- कचरे को कम करता है।



# एक्टिविटी टाइम!

आप और आपका परिवार कैसे चक्रीय अर्थव्यवस्था में सहयोग कर रहा है, इस पर एक ड्राइंग बना कर हमें भेजे !

अगली कक्षा के लिए आप एक ड्राइंग बनाइये::

- आप कैसे वस्तुओं को बार बार प्रयोग में लाते है।
- प्रकृति को फिर से कैसे पुनर्जीवित करे।



# आपके कोई प्रश्न ?

मिलते है आपसे अगली कक्षा में,
अपनी ड्रॉइंग को पूरा करना ना भूलें !



# धन्यवाद !

aviral
Reducing Plastic Waste in the Ganga

**Powered by:**

ALLIANCE TO END PLASTIC WASTE

**Implemented by:**

giz Deutsche Gesellschaft für Internationale Zusammenarbeit (GIZ) GmbH

**In Coordination with:**

नगर निगम ऋषिकेश

SAAHAS

WASTE WARRIORS